श्री मो0 तौसीफ आलम, माननीय स0वि0स0/श्री अखतरूल ईमान, माननीय स0वि0स0/श्री गुलाम सरवर, माननीय स0वि0स0/श्री मो0 मुर्शिद आलम, माननीय स0वि0स0/श्री सरवर आलम,माननीय स0वि0स0 एवं श्री गोपाल कुमार अग्रवाल, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना संख्या-08/26 के संबंध में

किशनगंज जिला अन्तर्गत तीन प्रखंड जहाँ निरंतर नदी कटाव की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, खेत-खलिहान, वृक्ष, आवासीय भू-भाग तथा ग्रामीण संरचनाएँ नदी में विलिन हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय जन-जीवन पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

प्रखंड बहादुरगंज के पंचायत महेश्बथना के टोला पहटगाँव, केकाहाट एवं महेश्बथना गाँव, पंचायत लौचा के टोला बोचागड़ी एवं सातमेढ़ी, पंचायत निसन्द्रा के टोला, खाड़ी टोला एवं मूसलडंगा कब्रस्थान, पंचायत महमदनगर के मोमिन टोला। प्रखंड दिघलबैंक के पंचायत पथड़घट्टी के टोला, गुवाल टोली, कमर खोद गुआबाड़ी, बालू बाड़ी, पथड़घट्टी स्टेट तथा प्रखंड टेढ़ागाच्छ के मटियारी घाट, मटिहारी हाट, मटियारी गाँव सहित अन्य कई स्थानों पर नदी कटाव से व्यापक क्षति हुई है।

अतः उपर वर्णित तीनों प्रखंड अत्यंत गंभीर समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्रों में कटाव निरोधक (पक्कीकरण / सुदृढ़ीकरण) कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति यह है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रश्नगत ग्राम पहटगाँव, खाड़ी टोला एवं बालू बाड़ी के समीप बाढ़ 2026 पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है, जिसे बाढ़ अवधि के पूर्व पूर्ण करा लिया जायेगा।

प्रश्नगत स्थल केकाहाट, महेश्बथना, बोचागड़ी, सातमेढ़ी, गुवाल टोली, गुआबाड़ी तथा मटियारी गाँव के समीप पूर्व में कराया गया कटाव निरोधक कार्य वर्तमान में भी प्रभावी है एवं स्थल सुरक्षित है।

प्रश्नगत अन्य स्थल मूसलडंगा कब्रस्थान, मोमिन टोला, कमर खोद, पथड़घट्टी स्टेट, मटियारी घाट एवं मटिहारी हाट के समीप वर्तमान में कटाव नहीं हो रहा है।

नदी तट पर बसे गांव के सुरक्षार्थ प्रत्येक वर्ष आवश्यकतानुसार कटाव निरोधक कार्यों का कार्यान्वयन कराया जाता है तथा बाढ़ अवधि के दौरान कटाव होने पर विभिन्न स्थलों पर तत्काल बाढ़ संघर्षात्मक कार्य भी कराया जाता है।

किशनगंज जिलान्तर्गत बाढ़ 2026 पूर्व कुल 17 अदद कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है, जिनमें से 09 कार्य पूर्ण कर लिये गये है । शेष कार्यो को बाढ़ अवधि के पूर्व पूर्ण करा लिया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–366 दिनांक–30.04.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–08 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–15 / 2026– 2237 पटना, दिनांक–20/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.05.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.05.26